तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 27 जुलाई 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

13 गायत्री शक्तिपीठ में बाल संस्कारशाला आचार्य प्रशिक्षण में ...



12 होर्डिंग निकालने घंटों बंद रहा सुपेला अंडरब्रिज..



## खबर संक्षेप

### घर के सामने खड़ी बाइक चोरी, मामला दर्ज

**बालोद**। घर के सामने रखे मोटर सायकल को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वीआईपी सुरक्षा वाहिनी माना रायपुर में आरक्षक नीलम सिंह ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में पुलिस अधीक्षक महासंमुद में पीएसओ के पद पर तैनात हूं। 22 जूलाई को मै बालोद अपने किराये के मकान में आया हुआ था, रात्रि करीबन 11.30 बजे मेरे दोस्त के मोटर सायकल सीजी 23 जे 8556 को घर के सामने रखा था, 23 जुलाई के सुबह 06 बजे देखा तो उक्त मोटर सायकल घर के सामने नही था जिसे आस पास के पता तलाश किया मोटर सायकल को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है।

### अज्ञात कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा

**बालोद**। ई रिक्शा को कार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने ठीक होने के बाद अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम आमदी निवासी निरंजन साहू ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम मोखा से अपने ई–रिक्शा को चलाते ग्राम आमदी आ रहे थे ग्राम कोसागोंदी के आगे तालाब के आगे धमतरी गुण्डरदेही सड़क मार्ग में सफेद रंग की कार जिसका मैं नंबर देख नहीं पाया, मेरे ई–रिक्शा को पीछे से एक्सीडेंट कर दिया, एक्सीडेंट से मेरे ई–रिक्शा पलट गया, एक्सीडेंट से मेरे सिर व बाएं कान में गंभीर चोट आने से मेरे को वहां से दूसरे आदमी उठाकर धमतरी हास्पीटल ले गये, जहां मेरा ईलाज चलता रहा, मैं ठीक होने से आज को रिपोर्ट लिखाने आया हूं।

### ग्राम भोथीपार में ग्राम विकास समिति की हुई बैठक

**बालोद/कलंगपुर**। ग्राम भोथीपार में ग्राम विकास समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बाली कुमार साहू को ग्राम पटेल चुना गया एवं गुमान सिंह मंडावी को ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत खपरी ब के सरपंच व सरपंच संघ ब्लाक अध्यक्ष लेख राम साहू, भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, भोथीपार ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष झगग्रर सिंह साहू, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, सचिव नेतराम साहू, सह सचिव जिवधन सेन, उपसरपंच महेंद्र कुमार मंडावी, पुर्व उपसरपंच माखन लाल मंडावी, बैसाखु राम साहू, बरतीया सिंगारे, दिनेश कुमार चंद्रवंशी, उत्तम कुमार साहू, केशव राम साहू, दुवारिका प्रसाद साहू, अरुण कुमार साहू, ताजु राम साहू, हरीश कुमार साहू, भेम लाल साहू, राम सिंह साहू एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# महतारी वंदन की 2 लाख 45 हजार महिलाएं 30 को लगाएंगी पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन' कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु गुरूवार 30 जुलाई को सुबह 11 बजे वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया है।

इस आयोजन में खास बात यह है कि 30 जुलाई को आयोजित इस विराट एवं वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान महतारी वंदन पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया है। इस दौरान समाज के सभी वर्गो् के लोगों के साथ महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के 02 लाख 45 हजार महिलाएं भी पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा जिले के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी–कर्मचारियों सहित समाज के सभी वर्गो् के लोगों के द्वारा वृहद पैमाने पर पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अपनी उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। ▶▶| शेष पेज 12 पर

## 'कैच द रैन' और महतारी वंदन अभियान के तहत 2.45 लाख महिलाओं सहित जनप्रतिनिधि व आमजन करेंगे पौधारोपण

### हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जैन ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के सभी हितग्राहियों के अलावा संपूर्ण जिलेवासियों से बालोद जिले में गुरूवार 30 जुलाई को आयोजित



वृहद पौधारोपण अभियान के दौरान अपने घर, खेत, बाड़ी, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर पौधरोपण कर इस पुनीत एवं जनहित के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि इस आयोजन में खास बात यह है कि इस दौरान महतारी वंदन पौधारोपण महाभियान का भी आयोजन किया जाएगा, जो कि बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर उन्होंने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के सभी हितग्राहियों के अलावा संपूर्ण जिले वासियों से 30 जुलाई को अधिक संख्या में पौधरोपण कर इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है।

## सालों से चली आ रही समस्या से ग्रामीण इस वर्ष की बारिश में भी जूझ रहे

# दो बार बजट में स्वीकृति के बाद भी नेवारीकला में तांदुला नदी पर नहीं बन सका पुल, 25 से अधिक गांव प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बजट में दो बार पास होने के बाद भी ग्रामीणो को नदी में पुल की सुविधा नही मिल पाई और सालो से चली आ रही समस्या से ग्रामीण इस वर्ष की बारिश में भी जूझ रहे है।

जिले के ग्राम नेवारीकला के ग्रामीण कई वर्शो से तांदुला नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे है। जिसके तहत दो बार बजट में पुल पास होने के बाद भी ग्रामीणो को एक पुल नसीब नही हो पाई है।

जहां गर्मी के दिनो में नदी में पानी सूखने पर ग्राम पंचायत द्वारा नदी में अस्थाई रपटा का निर्माण कर साल किया जाता है जिसके माध्यम से लोग मोटर सायकल व अन्य वाहनो से आना जाना करते है। वही नदी मार्ग से जिला मुख्यालय की दूरी मात्र 7 किलोमीटर है, नदी में पानी सूखने की स्थिति में ग्रामीण जिला मुख्यालय आने के लिए नदी मार्ग का उपयोग करते है, लेकिन वर्तमान में बारिश के मौसम में नदी में पानी आ जाने पर ग्रामीणो को हर वर्श की भांती टेकापार, पड़कीभाट बाईपास का उपयोग कर जिला मुख्यालय आना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणो को 14 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है ऐसे में वर्तमान में बारिश के दिनो से शुरू हुई यह समस्या नवंबर माह तक बनी रहती है।

जिसके कारण ग्रामीणो राज्य बनने से पहले से ही ग्राम नेवारीकला स्थित तांदुला नदी मे पुल बनाने की मांग करते आ रहे है, ग्रामीणो की दशको पुरानी मांग को पर अब कुछ वर्शो से शासन प्रशासन का ध्यान भी गया है तो उसे भी शासन प्रशासन सिर्फ कागजो में पूरा करते नजर आ रहा है, ग्रामीणो को बताया गया कि नेवारीकला स्थित नदी में पुल की निर्माण के लिए इस वर्श शासन स्तर पर प्रस्ताव पास होने एवं बजट मे आ गया हैं, ऐसा दूसरी बार जानकारी मिली है लेकिन यह जानकारी मात्र सूचना तक सीमित है निर्माण को लेकर अब तक कोई पहल आगे नही बढ़ पाई है।





### अर्थव्यवस्था जिला मुख्यालय पर निर्भर

जहां ग्राम के पुरूश वर्ग जान जोखिम में डालकर नदी पार करते ही है साथ ही महिला व युवतीयां भी जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए समय की बचत के लिए जान जोखिम में डालकर नदी पार करते दिखते है। जहां ग्राम के पुरूशो के साथ महिलाएं व युवतीयां भी अपने परिवार के पालन पोशण के लिए नदी पार कर जिला मुख्यालय पहुंचते दिखते है तथा रात के अंधेरे में भी नदी पार कर अपने घर जाने को मजबूर रहते है। ग्राम नेवारीकला की अर्थव्यवस्था जिला मुख्यालय पर निर्भर है, व्यापार करने के लिए कुम्हार, सब्जी उत्पादक, दुग्ध व्यापारियो को दीपावली के साथ कई तीज त्यौहारो व हर दिन सामान विक्रय करने के लिए बड़ी संख्या मे ग्रामीण जिला मुख्यालय आते है, साथ ही कर्मचारी व रोजी मजदूरी व विद्यार्थीयो को भी जिला मुख्यालय आने के लिए दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। वही ग्राम नेवारीकला के तांदुला नदी में पुल निर्माण से जिला मुख्यालय आने के लिए ग्राम टेकापार, खैरवाही, पोण्डी, लोण्डी, लाटाबोड़, पैरी सहित 25 से अधिक ग्रामो को सीधा लाभ होगा। वही बघमरा, मेढ़की, ओरमा सहित दर्जन भर ग्राम नेवारीकला नदी मार्ग से सीधे दुर्ग मुख्य मार्ग मे पहुंचकर समय व ईधन की बचत कर सकते हैं। जिससे दुर्ग से जिला मुख्यालय आने वालो को भी लंबी दूरी से निजात मिलेगा।

## मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कांग्रेस ने निकाला विजय मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी बालोद ने जिला अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में भव्य विजय मार्च निकाला। कांग्रेस ने इस मौके को देश के छात्रों, युवाओं और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संघर्ष की जीत बताते हुए पूरे उत्साह के साथ जश्न मनाया।

विजय मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा साथी और पदाधिकारी शामिल हुए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर, मिठाइयां बांटकर और एक–दूसरे का अभिनंदन कर खुशी का इजहार किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा छात्रें, युवाओं, लोकतंत्र और जनआवाज़ की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार उठाई गई आवाज़ की सफलता है। उन्होंने इसे कांग्रेस और विशेष रूप से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दों की नैतिक जीत बताते हुए कहा कि पार्टी आगे भी जनहित और युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

विजय मार्च में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, नेता प्रतिपक्ष कशीमुद्दीन कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अवैध शराब बेचते महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

थाना डौंडीलोहारा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ग्राम संबलपुर में कार्रवाई करते हुए एक महिला को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 7.920 बल्क लीटर देशी शराब तथा बिक्री की नकद राशि जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं एसडीओपी बोनी फॉस एक्का के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 25 जुलाई को थाना डौंडीलोहारा पुलिस गश्त एवं अपराधियों की तलाश पर निकली थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम संबलपुर निवासी रंजीता कोसरे अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रही है। सूचना के ▶▶| शेष पेज 12 पर

- 7.920 बल्क लीटर देशी शराब व नकदी जब्त



## मितानिनों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी

### घोषणा पत्र के वादे पूरे नहीं होने और मानदेय व भत्तों में कटौती पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य स्वास्थ्य मितानिन संघ जिला इकाई बालोद की बैठक राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में पांच ब्लाकों के 50 प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

संघ की जिला अध्यक्ष महेश्वरी साहू ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा के घोषणा पत्र में मितानिन को मानदेय दुगना करने की बात कही गई थी। वह आज तक पूर्ण नहीं हुई। प्रदेश सरकार के घोषणा पत्र में मितानिन को 1100 अतिरिक्त मानदेय देने की की थी। वह राशि अभी तक नहीं मिली है। मितानिन प्रशिक्षक को प्रतिदिन दिए जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि में 46 रुपए व टीए में 125 रुपए की कटौती कर दी गई है। इससे भी प्रशिक्षक नाराज है। इसी प्रकार ब्लॉक समन्वयक व हेल्प डेस्क फैसिलेटर की राशि काटी जा रही है। मितानिन संघ मोबाइल ऐप का भी विरोध कर रहा है। मितानिन कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं में इससे आक्रोश है। मितानिन संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन करने की तैयारी में है।

संघ की बैठक में सरिता निषाद, चंद्रप्रभा सुधाकर, मीना डोंगरे, सारिका मैहर, दुखिया बाई, केशव शर्मा, तामेश्वरी साहू, रेशमा खान, प्रीतम साहू, सुल्ताना पटेल, सावित्री साहू, सहित जिला के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## अंडा-खप्परवाडा पुलिया का टूटा डिवाइडर बना हादस का कारण

# अंडा-खप्परवाड़ा के पास कार दुर्घटनाग्रस्त, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग-बालोद मुख्य मार्ग पर अंडा और खप्परवाड़ा के बीच स्थित पुलिया का क्षतिग्रस्त डिवाइडर लगातार सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। पिछले दो से तीन वर्षों से टूटा पड़ा यह डिवाइडर अब तक मरम्मत का इंतजार कर रहा है। शनिवार को एक बार फिर इसी स्थान पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

### कार में सवार चार लोग सुरक्षित निकाले गए

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में ग्राम दनिया के चार लोग सवार थे। हादसे के बाद कार के दरवाजे नहीं खुलने पर स्थानीय लोगों ने शीशा तोड़कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।





### ग्रामीण बोले- कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया का डिवाइडर लंबे समय से क्षतिग्रस्त है और सड़क भी जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### रात में बढ़ जाता है हादसे का खतरा

स्थानीय लोगों के अनुसार यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। रात के समय टूटा डिवाइडर और खराब सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं देने से दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है।

### तत्काल मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से पुलिया के क्षतिग्रस्त डिवाइडर की शीघ्र मरम्मत कराने, सड़क को दुरुस्त करने तथा सुरक्षा संकेतक और बैरिकेड लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
A NAAC
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCom
MCom
Girls/Boys Hostel
BCA
DCA
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
BSc Maths CS/Bio
MSc Physics/CS Chemistry
MSW
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.

# सुपेला मंडी की गंदगी देख आयुक्त हुई नाक बंद करने को मजबूर, तुरंत कराई गई सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## मूलभूत आवश्यकताओं का औचक निरीक्षण कर रही हैं आयुक्त सुरुचि सिंह

हर रोज की तरह शनिवार को भी भिलाई नगर निगम आयुक्त सुरुचि सिंह शनिवार को मॉर्निंग विजिट के दौरान सुपेला थोक सब्जी मंडी का निरीक्षण करने पहुंची। वहां पसरी गंदगी और बदबू ने आयुक्त को भी अपनी नाक बंद करने को मजबूर कर दिया। मंडी में फैली गंदगी और समय पर कचरा उठाव न होता देख उन्होंने जमकर नाराजगी जताई। इसके बाद तुरंत निगम का अमला जेसीबी लेकर पहुंचा और कई घंटे की मसक्कत के बाद मंडी व उसके आसपास डंप गंदगी को हटाया गया।

निरीक्षण के दौरान मंडी के अध्यक्ष रवि जॉन सिंह व अन्य सब्जी व्यापारियों ने आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सुपेला सब्जी मंडी शहर की एक मात्र ऐसी सब्जी मंडी है, जो कि पूरे शहर ही नहीं आसपास के क्षेत्र में सब्जी की सप्लाई करती है। उन्होंने बताया कि मंडी के लोग समय पर निगम को टैक्स देते हैं इसके बाद भी मंडी से निकलने वाला कचरा रोज साफ नहीं होता है। उन्होंने बताया कि दो दिन से हो रही बारिश के चलते कचरा सड़ गया है और हालत यह हो गई है कि मंडी के लोग बदबू के चलते रुक नहीं पा रहे हैं, तो ग्राहकों का क्या हाल होता होगा। मंडी के लोगों से बात करते करते आयुक्त मंडी के अंदर घुसी ही थी कि तेज बदबू के चलते उन्होंने खुद अपनी नाक बंद कर ली। उन्होंने माना की उनकी समस्या जटिल है। इसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को बुलाकर मंडी का कचरा उठाव समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सब्जी मंडी में जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

### मंडी शिफ्टिंग को लेकर दिया सकारात्मक जवाब

रवि सिंह ने बताया कि मंडी समिति के लोगों ने आयुक्त के सामने मंडी को सुपेला थाने के पीछे शिफ्ट करने की अपनी पुरानी मांग को रखा। आयुक्त ने बताया कि उन्हें उनकी मांग पता है। उस पर कार्य तेजी से हो रहा है। राज्य सरकार से जैसे ही कुछ निर्देश आएंगे मंडी शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।





### हाइजीनिक फूड जोन में सफाई के निर्देश

इस दौरान आयुक्त ने चंद्रा मौर्या के सामने निर्माणाधीन हाइजीनिक फूड जोन का अवलोकन कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। नव निर्मित ई-बस स्टैंड की व्यवस्थाओं और वार्ड 8 गांधी चौक क्षेत्र की सुविधाओं का जायजा लिया।

## खबर संक्षेप



### एचआरडी भवन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यालय समिति, भिलाई-दुर्ग द्वारा सेल-सीईटी' द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र, मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल स्थित सभागार में नराकास स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारीसेल-सीईटी सौरभ कुमार राजा थे। महाप्रबंधक मंजू हरिदास, पारमिता महान्ति, एके. श्रीवास्तव, एसके. देशमुख, तरुण कुमार, विनय कुमार, पुनीत चौबे, संदीप कुमार, उप महाप्रबंधक धीरज शाह, सहायक महाप्रबंधक गोपी कृष्णन, सहायक महाप्रबंधक विभागीय हिंदी अधिकारी दयानंद साहू वरिष्ठ प्रबंधकगण श्री आई. वेंकटेश, श्री नितिन चौबे तथा 'नराकास, भिलाई-दुर्ग' की ओर से श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी, उप प्रबंधक, उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष हिंदी के प्रगामी प्रयोग में वृद्धि तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से नराकास स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। सहायक महाप्रबंधक दयानंद साहू ने प्रतियोगिता के विषय में जानकारी दी। महाप्रबंधक, सुश्री पारमिता माहान्ति ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेजाओं को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम- प्रमोद कुमार सिंह. वरिष्ट प्रबंधक, आरडीसीआईएस द्वितीय धर्मेन्द्र कुमार रहे।

## प्रियदर्शनी अंडरब्रिज पर लगी एक किलोमीटर तक लंबी कतारें

# होर्डिंग निकालने घंटों बंद रहा सुपेला अंडरब्रिज, आवागमन में हुई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला अंडरब्रिज शनिवार की शाम बंद कर दिया गया। इस अंडरब्रिज में लगे होर्डिंग्स को निकालने का कार्य हुआ। होर्डिंग्स निकालने में घंटों लग गए। जिसकी वजह से इस अंडरब्रिज पर आवागमन दोनों छोर से बंद रहा। वाहन चालकों को डायवर्ट कर घटना के बाद प्रशासन और संबंधित एजेंसियां तुरंत हरकत में आईं। शनिवार से क्षतिग्रस्त स्ट्रक्चर को हटाने और मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। इसी वजह से एहतियात के तौर पर सुपेला अंडरब्रिज को अस्थायी रूप से बंद किया गया। अंडरब्रिज बंद होने से बड़ी संख्या में वाहन चालक प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज, नेहरू नगर अंडरब्रिज और पावर हाउस अंडरब्रिज का इस्तेमाल करना पड़ा। जिसके कारण इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है।

**एक दिन पहले कार में गिर गया था होर्डिंग**





### सबसे ज्यादा दबाव प्रियदर्शनी अंडरब्रिज पर

सुपेला अंडरब्रिज को बंद करने का सबसे बड़ा असर प्रियदर्शनी अंडरब्रिज पर पड़ा। प्रियदर्शनी अंडरब्रिज से वाहनों को आवागमन करवाया गया। सैकड़ों कारें और दुपहिया वाहनों को प्रियदर्शनी अडंरब्रिज से गुजरना शुरू हुआ तो यहां भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। अंडरब्रिज के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। करीब आधा-आधा किलोमीटर लंबी लाइन बन गई।

### कार पर गिर गया था होर्डिंग

शुक्रवार को अंडरब्रिज के भीतर लगी एक होर्डिंग अचानक नीचे गिर गई थी, जो एक कार पर आ गिरी। घटना में बड़ा हादसा तो टल गया, लेकिन इसके बाद होर्डिंग्स की सुरक्षा और मजबूती को लेकर सवाल खड़े हो गए। इसी को देखते हुए शनिवार को सभी होर्डिंग्स को निकालने की कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के दौरान अंडरब्रिज के भीतर मशीनों और कर्मचारियों की मदद से होर्डिंग्स हटाई गईं। कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, इसके लिए यातायात को पूरी तरह बंद रखा गया। हालांकि इस दौरान यातायात व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पूर्व सूचना नहीं दिए जाने से वाहन चालकों को अचानक परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिना सूचना के बढ़ी परेशानी

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना था कि अंडरब्रिज बंद किए जाने की जानकारी पहले से सार्वजनिक नहीं की गई थी। अधिकांश लोग रोज की तरह सुपेला अंडरब्रिज से गुजरने पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचने पर मार्ग बंद मिला। इसके बाद उन्हें दूसरे रास्तों का उपयोग करना पड़ा। अचानक बड़ी संख्या में वाहन प्रियदर्शनी अंडरब्रिज की ओर मुड़ने से वहां ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया। शाम के व्यस्त समय में कार्यालयों से लौट रहे कर्मचारी, बाजार आने-जाने वाले नागरिक और स्कूल-कॉलेज से लौट रहे विद्यार्थियों को जाम में फंसना पड़ा। कई दोपहिया वाहन चालक वैकल्पिक रास्तों की तलाश करते नजर आए, जबकि चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें धीरे-धीरे आगे बढ़ती रहीं। **दोनों ओर लगी लंबी कतारें** : प्रियदर्शनी अंडरब्रिज के दोनों छोर पर लगभग एक-एक किलोमीटर तक वाहनों की लाइनें दिखाई दीं। कई स्थानों पर वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ रहे थे। ट्रैफिक पुलिस और अन्य कर्मचारियों को यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में सामान्य समय की तुलना में काफी अधिक समय लगा।

# खुली नालियां बनीं हादसों की वजह आयुक्त से कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में खुले नालों और क्षतिग्रस्त पुलियों से बढ़ते सड़क हादसों को लेकर नागरिकों ने निगम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में नगर पालिका निगम भिलाई के आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहर के विभिन्न वार्डों में खुले नालों की मरम्मत, ढक्कन लगाने और आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग कराने की मांग की गई है।

शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने ज्ञापन में बताया गया है कि खुर्सीपार जोन-4, सेक्टर-11, जोन-3, मदर टेरेसा नगर सहित शहर के कई इलाकों में नालियों का निर्माण सही ढंग से नहीं किया गया है। कई स्थानों पर नालियां खुली हुई हैं, जबकि चौराहों और मोड़ों पर सुरक्षा दीवार या रेलिंग नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। बारिश के दौरान हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। जलभराव के कारण नालियां दिखाई नहीं देतीं, जिससे दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर जाते हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह स्थिति सबसे अधिक जोखिम भरी बताई गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि छावनी वार्ड-40 इंडस्ट्रीज एरिया से बापू नगर तीन तालाब जाने वाले मार्ग तथा राजीव नगर वार्ड-43 मोची मोहल्ला की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित पुलिया करीब एक वर्ष पहले धंसकर लगभग 10 फीट गहरी हो चुकी है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं की गई है। इसी तरह वार्ड-32 बैकुंठधाम से गार्डन पानी टंकी मार्ग पर वाधवा को-ऑपरेटिव के पहले चौराहे के पास खुली नाली के कारण पानी के टैंकर मुड़ते समय कई स्कूली बच्चे गिर चुके हैं।

# संजीवनी ठाकुर का प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय रायपुर में चयन



**डोंडी।** शासकीय हाई स्कूल खैरवाही की छात्रा संजीवनी ठाकुर ने प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय, गुढ़ियारी रायपुर की चयन परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (जीव विज्ञान समूह) में हुआ है। संजीवनी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना और गांव सहित प्रदेशवासियों की सेवा करना है। संजीवनी ने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा शासकीय हाई स्कूल खैरवाही से 80.86 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# देवभूमि संचालक समेत उसके दोस्तों ने किया चाकू से प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई







जमीन हिसाब किताब लेकर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत मोहन नगर पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया को शनिवार की शाम को विक्की सिंह, राजेश सिंह ने नरेंद्र सिंह को बायपास दुर्ग में स्थित देवभूमि बुलाया गया। जहां देवभूमि संचालक राजेश सिंह उर्फ बिहारी, अशोक सिंह, विक्की सिंह, विजय मेनन समेत अन्य मौजूद थे। जैसे ही नरेंद्र सिंह वहां पहुंचा विजय मेनन अपने पास रखे चाकू से नरेंद्र सिंह पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस दौरान रूपेश, विनय छुड़ाने लगे तो आरोपियों ने इन पर भी लात घुसे और चाकू से वार करना शुरू कर दिया। घटना में विनय को बाया हाथ में चोट आई है। नरेंद्र को पसली,जांघ,भुजा समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है।चोट लगने से नरेंद्र जमीन पर गिर पड़ा। जिसे देख आरोपी राजेश, विक्की,विजय, अशोक समेत अन्य नरेंद्र को मेरा समझकर फरार हो गए। रूपेश और विनय ने मिलकर नरेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं स्थिति गंभीर होने पर रायपुर मेकाहारा अस्पताल रेफर किया गया है।

हत्या और शराब तस्कर है आरोपी पुलिस ने बताया को राजेश सिंह के उरला जमीन पर वर्ष 2016 में भारी मात्रा में अवैध शराब भी मिला था। इसके अलावा राजेश हत्या के एक मामले में जेल भी जा चुका है। इसके अलावा विजय मेनन भी बड़ा अपराधियों में पुलिस रिकॉर्ड में शामिल है। फिलहाल मामले में राजेश सिंह उर्फ बिहारी फरार है। बाकी सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में होने की जानकारी मिली है।

# 9 अगस्त को डौंडी में होगा विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 9 अगस्त को डौंडी में किया जाएगा। इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समारोह को भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। ध्वजारोहण के साथ होगी कार्यक्रम की शुरुआत बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 8 बजे सेवा-अर्जी की परंपरा के बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा और लोककला को प्रदर्शित करते हुए रेला-पाटा एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो समारोह का मुख्य आकर्षण होंगे। डॉ. लक्ष्मण यादव करेंगे संबोधित समारोह में दोपहर 12 बजे डॉ. लक्ष्मण यादव समाज को संबोधित करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद ने जिलेभर के आदिवासी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य आदिवासी समाज की एकता, संस्कृति, परंपरा, शिक्षा और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश देना है।

## अनियंत्रित होकर खेत में पलटी कार, सभी सवार सुरक्षित...




**बालोद।** जिले के पिनकापार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक कार खेत में जा पलटी जिसमें सवार सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल गए। मिली जानकारी के अनुसार एक सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एचबी 7414 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित खेत में जा पलटी। जिसके बाद राहगिरो द्वारा उक्त खेत में उतरकर कार में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। जहां सभी सवार सुरक्षित कार से बाहर निकल गए। कार हादसे का शिकार क्यो हुई यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

## इंटक के अहम बैठक में सूची केंद्र को भेजने का निर्णय

# इंटक यूनियन छोड़कर बीएमएस में जाने वाले प्रतिनिधियों को संगठन से किया निष्कासित, सर्वसम्मति से हुआ निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्टील इम्प्लाइज यूनियन (इंटक) की हुई बैठक में इंटक छोड़कर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों को संगठन की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से निष्कासित जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि जिन लोगों की संगठन के प्रति आस्था नहीं है, उनके दूसरे संगठन में जाने से इंटक और अधिक मजबूत होगी। जिन प्रतिनिधियों की पहचान वर्षों तक इंटक यूनियन से बनी, वे व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण संगठन छोड़कर चले गए हैं। जब-जब कुछ लोग इंटक छोड़कर गए हैं, तब-तब इंटक पहले से अधिक मजबूत होकर उभरी है। उन्होंने कहा कि इंटक श्रमिकों के हितों के लिए संघर्ष करने वाली अग्रणी यूनियन है। बड़ी संख्या में युवा कर्मचारी इंटक से जुड़ रहे हैं और आगामी आईडी एक्ट चुनाव में इंटक यूनियन 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर नंबर-1 यूनियन बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है।

### केंद्रीय इंटक को निष्कासितों की सूची भेजेंगे

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि निष्कासित प्रतिनिधियों की सूची शीघ्र ही प्रदेश इंटक एवं केंद्रीय इंटक को भेजी जाएगी, ताकि संगठन के विभिन्न स्तरों पर उनके पदों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में इंटक यूनियन के पूरन वर्मा, जी.आर. सुमन, गिरिराज देशमुख, विश्वनाथ सिंह साहू, सुरेश श्याम कुँवर, जी.के. सूर्यवंशी, शिवशंकर सिंह, रेशम राठौर, सीपी वर्मा, एसबी सिंह, रमन मूर्ति, ताम्रध्वज सिन्हा, गुरुदेव साहू, राजकुमार, दीनानाथ सिंह सार्वा, विजय कुमार विश्वकर्मा, जयराम ध्रुव, डी.पी. खरे, गोविंद राठौर, विसेंट पटेरा, राजकुमार नायर, महेश साहू, संतोष ठाकुर, मनोज कुलदीप, आनंद खालरकर, राजेंद्र, गजेंद्र, अश्वनी राठौर, किशोर प्रधान एवं डी. शंकर खिलेंद्र ठाकुर आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 11 का शेष

### महतारी वंदन ...

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन की इस अभियान की सराहना गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, शमशाद बेगम, अरमान अश्क सहित अन्य गणमान्य एवं प्रभुत्व लोगों के साथ समाज के सभी वर्ग के लोगों ने की है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस आयोजन की सराहना करते हुए गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने इस अभियान को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से अभिनव एवं अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर उन्होंने समाज के सभी वर्ग के लोगों से जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार 30 जुलाई को आयोजित पौधारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक संख्या में पौधारोपण करने की अपील की है। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने केन्द्र एवं राज्य शासन के मंशानुरूप बालोद जिला प्रशासन के इस अभियान को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं दूरगामी बताते हुए इसकी भूरी–भूरी सराहना की। चंद्राकर ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित जिले के सभी हितग्राहियों के अलावा समाज के सभी वगोंर् के लोगों को 30 जुलाई को आयोजित इस वृहद वृक्षारोपण अभियान के अवसर पर अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा जिले को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के कार्य में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### अवैध शराब बेचते ...

आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी, जहां रंजीता कोसरे को शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे एवं घर परिसर में छिपाकर रखी गई कुल 7.920 बल्क लीटर देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब के साथ बिक्री की 300 नकद राशि भी जब्त की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3,520 बताई गई है। पुलिस ने आरोपी रंजीता कोसरे (40 वर्ष), निवासी ग्राम संबलपुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील तिर्की, उपनिरीक्षक सुनील टंडन, प्रधान आरक्षक दिगम्बर वर्मा, महिला प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन तथा आरक्षक कुमलाल वर्मा एवं रविशंकर देशलंहरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बीएसपी में सखी सहेली कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया जागरूक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में महिला कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल को सुरक्षित के साथ अधिक जागरूक बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। परियोजनाएं विभाग द्वारा सखी संवाद प्रोजेक्ट्स एक्सपेंशन कार्यालय में संवाद कार्यक्रम हुआ। मुख्य महाप्रबंधक उन्मेष भारद्वाज थे।

कार्यक्रम में परियोजनाएं विभाग की महिला अधिकारी, महिला गैर-अधिशासी कर्मचारी तथा संविदा महिला कर्मियों सहित 30 महिलाओं ने भाग लिया। सहायक महाप्रबंधक जया राय व टीम ने कार्यस्थल पर संवाद और जागरूकता से जुड़े विषयों पर प्रस्तुति दी। वहीं जीएम राधिका श्रीनिवासन, नीलू भारद्वाज तथा बोन्या मुखर्जी ने अपने अनुभव साझा करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और पेशेवर विकास पर जानकारी दी। संविदा महिला कर्मियों को पर्यावरण अनुकूल सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप



### अंडा के आंगनवाड़ी केंद्र में नेवता भोज का आयोजन

**अंडा।** ग्राम गांधी नगर अंडा के सभी आंगनवाड़ी केंद्र में नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र में पंजीकृत बच्चों के साथ ही अभिभावक और स्थानीय महिलाएं भी शामिल हुईं। गीतांजलि जोशी अपने बच्चे के जन्मदिन पर नेवता भोज कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पारंपरिक व्यंजन खीर पूरी एवं फल परोसी गई। बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन किया और कार्यक्रम में गीत-संगीत के माध्यम से भी भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस तरह के भोज का उद्देश्य बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और केंद्र में आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देना है। इस मौके पर केंद्र की सहायिकाओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को फल और शिक्षण सामग्री भी वितरित की। अभिभावकों ने आंगनवाड़ी केंद्र की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में केंद्र के प्रति रुचि बढ़ती है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शकुन साहू, दीपिका चौहान, तीजन यादव, खुर्शीद बेगम, रुखमनी ठाकुर, अनुसुईया सिन्हा सहित कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और स्वयंसेवी महिलाओं का सहयोग रहा।

### स्क्रैप चोरी मामले में लोडर ऑपरेटर गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी के लोहा स्क्रैप चोरी मामले में पुलिस ने लोडर ऑपरेटर को पुलिस ने गिफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम अकलोरडीह, खदानपारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स, प्लॉट क्रमांक-18, एच.आई.ए. हथखोज में दबिश देकर लोहा का बड़ा अवैध कारोबार का खुलासा पुलिस ने किया। उसमें अब तक 15 आरोपी को पकड़ा जा चुका है। 16 वां आरोपी लोडर ऑपरेटर ग्राम मोखा, जिला धमतरी निवासी हेमंत देवांगन को पकड़ा गया है। पुलिस की जांच टीम ने मौके से हाईवा, ट्रक, अन्य वाहनों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम कटिंग सामग्री भी जब्त की गई है।

## निधन

### चुनू राम गजपाल

**गुरूर।** जलसंसाधन विभाग में पदस्थ श्रमिक एवं कोलिहामार निवासी चुनू राम गजपाल 57 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम मे किया गया। सेवा सहकारी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष गीता बाई गजपाल के पुत्र, लता बाई गजपाल के पति, केशर गजपाल के भाई, किरतीकरण साहू, ज्ञानेश्वर गजपाल के पिता, निकिता साहू, धनंजय गजपाल के बडे पिता थे।



## आयोजन : नैतिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति और नेतृत्व क्षमता पर दिया प्रशिक्षण

# गायत्री शक्तिपीठ में बाल संस्कारशाला आचार्य प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में बाल संस्कारशाला आचार्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ मां गायत्री एवं परम पूज्य गुरुदेव के पूजन-अर्चन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रशिक्षण में ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।





प्रशिक्षण के दौरान बाल संस्कारशाला के उद्देश्य, संचालन एवं समाज निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि बाल संस्कारशाला का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, स्वावलंबन, रचनात्मकता, कर्मशीलता एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है, ताकि वे संस्कारित, जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बन सकें। ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को केवल स्कूली शिक्षा देना पर्याप्त नहीं है। उन्हें नैतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बाल संस्कारशाला इस दिशा में एक प्रभावी माध्यम है, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशिक्षक मिलन सिंह ने बाल संस्कारशाला की आवश्यकता, महत्व, संचालन की तैयारियों एवं दिशा-निर्देशों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। वहीं प्रशिक्षक विरेंद्र कुमार बघेल ने खेल-खेल में नैतिक शिक्षा, प्रेरक कहानियां, सद्वाक्य, मनन-चिंतन, सफल जीवन के सूत्र, स्वस्थ जीवनशैली, महापुरुषों के प्रेरक प्रसंग, जयंती पर्वों के आयोजन तथा भारतीय संस्कृति के अनुरूप जन्मदिवस संस्कार मनाने जैसे विषयों पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से बाल संस्कारशाला संचालित कर अधिक से अधिक बच्चों को संस्कार एवं नैतिक शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ट्रस्टी लूणकरण ठाकुर, सेवाराम मंडावी, यादराम साहू, चतुर सिंह ढाले, मंगल सिंह लारिया, डोमार सिंह नायक, परमानंद साहू, छन्नी बाई ठाकुर, रेखा साहू, तुलसी साहू, कैलाश नाथ साहू, विशंभर सिंह बगमरिया, प्रज्ञानंद बगमरिया, तेजेश्वरी, अनुराधा चौहान, प्रेम सिंह कोलियारे, दुष्यंत कोलियारे, परमेश्वर जमदार, संतोष देवांगन, केसर यदु, राधा पटेल, जसोदा भूआर्य, अशोक साहू, तिलक कुमार मलिया सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजनों ने सहयोग प्रदान किया।

# एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के तहत हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरु शक्तिधाम परिवार एवं बुढ़ापारा वार्ड क्रमांक 20 पाररास बालोद के तत्वावधान में एक पेड़ गुरु के नाम अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन पाररास मुक्तिधाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना, अधिक पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना तथा गुरुजनों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना रहा।

- गुरु शक्तिधाम परिवार व ग्रामीणों ने मुक्तिधाम परिसर में लगाया पौधा, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी उपस्थित थे। विशेष रूप से अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम, माँ महाकाली मंदिर, बाबूटोला, राजनांदगांव गुरुदेव हरीश यादव एवं गुरु शक्तिधाम, बुढ़ापारा, बालोद गुरुदेव दुष्यंत चंद्राकर की उपस्थिति एवं आशीर्वचन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मदन साहू, पाठक, दिनेश साहू, गुरु शक्तिधाम बुढ़ापारा बालोद के समस्त गुरु भक्तगण तथा ग्राम पाररास बुढ़ापारा के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा प्रत्येक व्यक्ति से अपने गुरु, माता–पिता, इष्ट देव, प्रकृति एवं अपनों की स्मृति में एक पौधा लगाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण करेंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

# डौंडीलोहारा में भारतीय बौद्ध महासभा की महत्वपूर्ण बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौंडीलोहारा द्वारा रविवार को आंबेडकर भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सामाजिक जागरूकता तथा आगामी गतिविधियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

बैठक में आंबेडकर भवन में पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बोर खनन कराए जाने की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को स्मरण पत्र सौंपने का निर्णय लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई, ताकि भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि आंबेडकर भवन सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है और यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास समाज की प्राथमिकता है। सभी ने एकजुट होकर समाज के हित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में बली रामटेके, राजकुमार रामटेके, रमेश गजभिए, भूषण चुनारकर, बाबूलाल मेश्राम सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# कुथरेल स्कूल में जन सहयोग से लगा सीसीटीव्ही कैमरा



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुथरेल में विद्यार्थियों में अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाला परिसर और सभी कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह कार्य शिक्षकों और पालकों के आर्थिक सहयोग से पूरा किया गया।

विद्यालय की शिक्षिकाएं हेमलता साहू, रचना नलोडे तथा शिक्षक चंद्रप्रकाश रात्रे ने शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर पालकों से आर्थिक सहयोग की अपील की। पालकों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि प्रदान की, जिससे विद्यालय के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार पहले शिक्षक की अनुपस्थिति में कुछ विद्यार्थी अनुशासनहीनता करते थे और कक्षा से बाहर निकल जाते थे। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद विद्यार्थियों में अनुशासन बढ़ा है और वे कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई एवं पहाड़ों का अभ्यास करते नजर आ रहे हैं। कैमरों का सीधा कनेक्शन शिक्षकों के मोबाइल से भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यालय की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। शाला प्रबंधन समिति ने भी दिया सहयोग

शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष टिकेश्वरी यादव ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। बैठक में बड़ी संख्या में पालकों ने भाग लेकर अपनी क्षमता के अनुसार इस पहल में योगदान दिया। बैठक के दौरान विवेकानंद दिल्लीवार ने उपस्थित पालकों को मुख्यमंत्री जनसमस्या निराकरण हेल्पलाइन 1076 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से राजस्व, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

# तटबंध निर्माण की स्वीकृति पर ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



मार्री-देवरी क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात के रूप में खरखरा नदी के बायीं ओर शीतल मंदिर के पास घाट एवं तटबंध निर्माण कार्य के लिए 499.95 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जल संसाधन मंत्री, प्रभारी मंत्री विजय शर्मा एवं सासंद भोजराज नाग की सहमति से भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा पर मिली है।

इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य से देवरी बंगला एवं मार्री बंगला सहित आसपास के ग्रामीणों को बाढ़ एवं कटाव से राहत मिलने के साथ-साथ आवागमन और धार्मिक गतिविधियों में भी सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने इसे लंबे समय से चली आ रही मांग की पूर्ति बताया है।

तटबंध निर्माण की स्वीकृति मिलने पर जिला पंचायत सभापति एवं सदस्य प्रभाराम नायक, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के संतराम तारम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शुभम देशमुख, किसान मोर्चा अध्यक्ष यादराम सिन्हा, देवरी बंगला सरपंच डोमेन्द्र मंडावी, उपसरपंच गोविंद ठाकुर, ग्राम प्रमुख कुम्भलाल देवांगन, अजय देवांगन, अभिषेक देवांगन, भोला गोयल, भीष्म पटेल, पूर्व सरपंच डोमेश्वरी मंडावी, मार्री बंगला सरपंच हिना साहू, उपसरपंच पवन निषाद, लालूराम लटिया, खुबलाल साहू, मंशाराम साहू सहित भाजपा संगठन के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी बालोद के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने कहा कि इस स्वीकृति से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और लंबे समय से प्रतीक्षित तटबंध निर्माण का सपना अब साकार होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, जल संसाधन मंत्री तथा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की अपेक्षा व्यक्त की।

# नीट मामले में मोदी सरकार के फैसलों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने नीट परीक्षा से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार द्वारा घोषित सुधारात्मक कदमों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार छात्रों के हितों की रक्षा और परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जारी बयान में कुसुम शर्मा ने कहा कि सरकार ने परीक्षा से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से छात्रों का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास और मजबूत होगा।

- परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध



- कांग्रेस पर साधा निशाना : कुसुम शर्मा

### विपक्ष पर लगाए आरोप

कुसुम शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने छात्रों से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परीक्षा व्यवस्था में सुधार और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए गंभीरता से काम कर रही है। **छात्र हितों की रक्षा का किया दावा:** उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रतिभावान विद्यार्थियों के हितों की रक्षा करने और परीक्षा प्रणाली को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि देश का युवा अपने भविष्य को सुरक्षित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को समझता है।

## महिलाओं को बांटे पौधे और बुजुर्गों का किया सम्मान

# जन्मदिन पर सरपंच ने न्योता भोज के साथ विद्यार्थियों को जूते-मोजे बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संजारी–बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने इस वर्ष अपना जन्मदिन सामाजिक सरोकार और जनसेवा को समर्पित करते हुए मनाया। जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज के साथ गांव में विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों, महिलाओं, बुजुगोंर् एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के तहत महातारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों का वितरण किया गया। वहीं सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। सरपंच मंजूलता साहू ने अपने मानदेय की राशि से प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को जूते एवं मोजे वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया।





इस अवसर पर गांव के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया तथा उपस्थित ग्रामीणों और बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन भी किया गया। प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सरपंच मंजूलता साहू ने कहा कि जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी दिन है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, बुजुगोंर् का सम्मान और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान गांव के कोटवार, महिला समूहों की सदस्याओं एवं अन्य महिलाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपसरपंच रामचंद्र यादव, वरिष्ठ पंच सुदामा साहू, पंचायत सचिव संतोष साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं सहित गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुदुम में प्रस्तावित पेलेट प्लांट पर बनी सहमति

**डोंडी।** डौंडी विकासखंड के आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत गुदुम में प्रस्तावित आयरन ओर वाशिंग एवं पेलेट प्लांट को लेकर आयोजित जनसुनवाई के बाद क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियां शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत ने स्थानीय रोजगार, मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़ी मांगें रखीं, जिन पर कंपनी मिनरल डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने सकारात्मक सहमति जताई है। कंपनी ने ग्राम पंचायत को दिए लिखित जवाब में सीएसआर के तहत सोलर लाइट, पेयजल के लिए बोरवेल, स्वास्थ्य शिविर और शैक्षणिक संस्थानों में सहयोग जैसे कार्य करने का आश्वासन दिया है। साथ ही आवश्यकता एवं योग्यता के आधार पर स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात भी कही है। कंपनी ने कर्मचारियों के लिए पीएफ, स्वास्थ्य बीमा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा परिवहन कार्यों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने पर भी सहमति जताई है। पेलेट प्लांट से जुड़े मामलों की निगरानी के लिए ग्राम स्तर पर समिति गठित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकार किया गया है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि कंपनी अपने लिखित आश्वासनों को धरातल पर उतारती है तो क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी विस्तार होगा। अब लोगों की नजर कंपनी द्वारा किए गए वादों के क्रियान्वयन पर टिकी है।

### डौंडीलोहारा में भारतीय बौद्ध महासभा की महत्वपूर्ण बैठक

**डौंडीलोहारा।** भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौंडीलोहारा द्वारा रविवार को आंबेडकर भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, सामाजिक जागरूकता तथा आगामी गतिविधियों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बैठक में आंबेडकर भवन में पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बोर खनन कराए जाने की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम को स्मरण पत्र सौंपने का निर्णय लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई, ताकि भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।बैठक में समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि आंबेडकर भवन सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है और यहां मूलभूत सुविधाओं का विकास समाज की प्राथमिकता है। सभी ने एकजुट होकर समाज के हित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में बली रामटेके, राजकुमार रामटेके, रमेश गजभिए, भूषण चुनारकर, बाबूलाल मेश्राम सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## आयोजन : कारगिल विजय दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

# कोड़िया स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर देशभक्ति का दिखा जज्बा, रैली भाषण, निबंध, चित्रकला व वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया भाग







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में शनिवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के साथ देशभक्ति गीत, कविता प्रस्तुति और रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रतियोगिताओं में रहे ये विजेता

कार्यक्रम के तहत निबंध प्रतियोगिता में 16, चित्रकला में 20, भाषण में 8, वाद-विवाद में 6 तथा रैली में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में राहुल प्रथम, तुषार यादव द्वितीय एवं डीलेश्वर तृतीय रहे। निबंध प्रतियोगिता में चंचल देशमुख ने प्रथम, रीतिमा ठाकुर ने द्वितीय तथा झमिता निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में ईशा ठाकुर प्रथम, दीपेश साहू द्वितीय एवं देवकुमार देवांगन तृतीय रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में भावना प्रथम एवं लिकेश साहू द्वितीय, जबकि विपक्ष में पूनम प्रथम एवं तुलसी द्वितीय स्थान पर रहीं।

### वीर सैनिकों के शौर्य को किया नमन

विद्यालय के प्राचार्य नीलमणि उजवने ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना की वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अदम्य पराक्रम का परिचय देते हुए देश की सीमाओं की रक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों से सैनिकों के त्याग, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का आह्वान किया।

### कारगिल युद्ध की गाथा से कराया परिचित

व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध की भौगोलिक परिस्थितियों और कठिन चुनौतियों की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय सैनिकों ने विपरीत परिस्थितियों में भी दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देकर विजय प्राप्त की। वहीं व्याख्याता शीलाचंद्रा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया।

### देशभक्ति और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से हुई प्रतियोगिताएं

कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता डॉ. सरोज साहू ने बताया कि प्रतियोगिताओं का उद्देश्य केवल विजेता चुनना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, आत्मविश्वास और वीर सैनिकों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को पूरे उत्साह और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### ग्रामीणों ने की विद्यार्थियों की सराहना

कार्यक्रम में ग्राम सरपंच खुमान निषाद सहित ग्रामीणों ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। इस अवसर पर व्याख्याता डॉ. रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दानेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, सी.एम. बिसेन, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, समीर भेलवा, वीरेंद्र गजपाल, टी.एन. साहू सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना बनाए रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीद किशन साहू को दी श्रद्धांजलि



**गुरूर।** संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा कारगिल विजय दिवस पर ग्राम बालोदगहन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम के शहीद किशन साहू को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे वीर सैनिक के अदम्य साहस शौर्य और बलिदान का प्रतीक है 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त कर देश की सीमाओं की रक्षा की और तिरंगे की आन बान शान को बनाए रखा। उन्होने कहा यह दिन हमें उन वीर जवानों को याद करने का अवसर देता है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, उनका त्याग और समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को शत शत नमन। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, महामंत्री शादिक अली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, जिला कांग्रेस महामंत्री जितेंद्र यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, जनपद सदस्य कौशल्या चंद्रवंशी, सरपंच बालोदगहन भगवान दास मंचूरिया एवं उपसरपंच पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

■ वीर जवानों का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत : भैयाराम सिन्हा

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में विजय प्राप्त की थी। इस दिन हम अपने शहीद जवानों को याद करते हैं।कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद 527 शहीद जवानों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य महोदय गोविंद राम साहू ने कारगिल युद्ध और कैप्टन विक्रम बत्रा जैसे वीरों के बारे में बताया की किस तरह इस दिन शहादत और वीरता के साथ कारगिल युद्ध करके विजय प्राप्त की। इस विजय दिवस का सम्मान करते हुए प्रचार्य के निर्देशानुसार उषा ठाकुर व प्रेमलता योगी ने शाला में प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे छात्रों ने बढ़कर भाग लिए।प्रतियोगिता के पहले रैली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा देशभक्ती नारे का जयघोष किया गया।इस कार्यक्रम मे व्याख्याता भतेंद्र कुमार गंगराले, सरस्वती उमरे,रोहित देशमुख,देवश्री साहू,शैलेन्द्र साहू,मालती साहू, ममता तिवारी,पूर्णिमा कोसले,लीना जोशी,,गुलशन चंद्रकार, देवऋषि ठाकुर, तरुण साहू,देवाशीष पिपरिया,संकुल समन्वयक उषा सिंहा, नरेश गायकवाड़,रामेश्वरी रायते,भावना तिवारी रही साथ ही शाला के सभी छात्रों ने अपनी सहभागिता दी। अंत में सभी ने देश सेवा की शपथ ली। इस कार्यक्रम से हम सभी में देशभक्ति की भावना जागृत हुई साथ ही छात्रों ने जाना की देश की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

# मलेरिया जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम स्वच्छता समिति संबलपुर तथा पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामवासियों को मलेरिया से बचाव, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ। छात्र-छात्राओं ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया तथा नारों के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों की रोकथाम, घर एवं आसपास पानी का जमाव नहीं होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का संदेश दिया। रैली के उपरांत मितानिनों एवं शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान अशोक, आम एवं नीम के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर ने कहा कि मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए जनजागरूकता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। मितानिन फातिमा साहू एवं कमरू निशा कुरैशी ने ग्रामीणों को मलेरिया के लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर उपचार कराने के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर, शिक्षिका सुनीता साहू, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, शिक्षक राबिन नागवंशी, कमलेश्वरी पटेल, रेखा जोशी, शीतल साहू, कचरी गोस्वामी तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वच्छता को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना तथा मलेरिया मुक्त एवं स्वस्थ ग्राम के निर्माण हेतु जनसहभागिता सुनिश्चित करना था।

■ संबलपुर में स्वच्छता अभियान के साथ हुआ पौधारोपण, मलेरिया मुक्त गांव बनाने का लिया संकल्प

# साहू समाज धमना ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

## मेधावी छात्रों को शील्ड व प्रमाण-पत्र देकर किया सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

साहू समाज धमना के तत्वाधान में समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान में रविवार को बहुमान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में 12 वीं, 10वी, 8वीं, 5 वी की विद्यार्थियों का बहुमान समाज द्वारा किया गया।

बहुमान समारोह में अतिथि शिक्षा विद शैलेन्द्र कुमार साहू, मंत्रलय से सांख्यिकी अधिकारी घनश्याम लाल साहू, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर व्यवस्थापक एके जैन, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू, समाजसेवी जोगीराम साहू, पूर्व सरपंच अंकालू राम साहू, समाजसेवी युवराज साहू, लेखराम साहू ढालसिंह साहू मंचासीन रहे। जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि नारद साहू ने कहा कि विद्यार्थी सजगता पूर्वक पढ़ाई में ध्यान दे निश्चित ही उन्हें आज की तरह घर परिवार समाज में सम्मान अवश्य मिलेगा। पूर्व सरपंच अंकालुराम साहू ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे आदर्श जीवन जिए कहां जाना नहीं जाना क्या खाना कहां खाना कैसे चलना और कैसे नहीं चलना का संज्ञान अवश्य रखना चाहिए। 12 वीं की रेशमा पिता युवराज सिंह एवम नम्रता पिता केतुक साहू, 10 वी सुभागी पिता युवराज सिंह एवं यमन पिता मोहनलाल साहू, 8 वीं निखिल पिता महेश साहू एवं डेमन पिता मोहनलाल साहू,5 वी विद्या पिता महावीर एवं चंचल पिता टिकेश्वर साहू समाज के होनहार बच्चों का शील्ड प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। व्यवस्था में आर्थिक सहयोग नारद साहू, लेखराम साहू, अंकालु राम साहू, संतोष साहू, जोगीराम साहू, शन्तुराम साहू,बीरबल साहू, सोमनलाल साहू ,जितेश कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में तीरथ साहू, युवराज साहू, जागेश्वर निर्मलकर, चुन्नू लाल, मोहनलाल, ढालसिह, पोषण, पुराण दिनेश, केनुक, कोमल, भगीरथी, खेमलाल लालकुमार, कोदाराम, वासुदेव सहित मातृशक्ति उपस्थित रहे। संचालन अंकालु राम साहू एवं आभार ढालसिंह साहू ने किया।

### सास और ननद के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना ने मारपीट व गालीगलौज के मामले में सास आशा कनौजिया और ननद मनीषा कनौजिया के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रुआबांधा निवासी एक 30 वर्षीय महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 24 जुलाई दोपहर 12 बजे उनकी सास आशा कनौजिया द्वारा जब से शादी कर आयी हो तब से नंदु कनौजिया जेल में है, तुम मनहुस हो, कहते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मनीषा ने भी मारपीट में मां का साथ दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर दायित्व सौंपे गए

# सहकार भारती बालोद खंड की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सहकार भारती जिला बालोद खण्ड कि बैठक संस्था के प्रदेश महामंत्री कणी रामजी के निर्देशन मे नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में सानंद संपन्न हुआ। जिसमें सर्व प्रथम मां भारती की पुजा अर्चना कर जिला पदाधिकारियों ने खंड प्रमुख एवं अन्य सभी पदाधिकारियों के मनोनयन पर सार्थक चर्चा की।

■ संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

सिके बाद खण्ड बालोद के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी कर सर्वसम्मति से मनोनयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। बैठक में उपस्थित संगठन प्रमुख रूद्र प्रकाश साहू, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र साहडा, जिला महामंत्री रूपेश कुमार सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष दिपक देवांगन, कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू, जिला मंत्री हरदेव लाल सारवा, महिला प्रमुख पुष्प लता बधेल, महामंत्री टोमिन बाई साहू, कार्यालय प्रभारी लोकेश साहु, लोहारा मण्डल प्रमुख दारा सिंह भौसार्य, बिरेंद्र कुमार साहु, गुरूर मंडल प्रमुख फागु राम सिन्हा, कमलेश गौतम की उपस्थिति में बालोद मण्डल खण्ड प्रमुख के पद पर विजय पारख, महामंत्री टिकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष राम दयाल, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल साहू, महिला प्रमुख —तिका साहू, महामंत्री तीजन देवांगन, नगर प्रमुख मधुकांत यदु, इश्वर साहू नगर महामंत्री, संयोजक पैक्स उत्तम साहू, संयोजक दुग्ध संघ ओमप्रकाश यादव, संयोजक मत्स्य पालन करण निषाद, नगर महिला प्रमुख लक्ष्मीबाई साहु को दायित्व सौंपा गया। इस दौरान हीरालाल ठाकुर राज कुमार प्रजापति, देवेन्द्र कुमार साहू, मनोहर लाल, रामदयाल बघेल, जेआर साहू, ओमप्रकाश यादव, हीरदे राम सिन्हा, हुलेश कुमार साहू, सहित सहकार भारती के कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी लोकेश साहू ने दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता (दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411